**UPSI180020392017**

**न्यायलय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur**

**पीठासीन अधिकारी-** (Sushri Akshita Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730**

मूलवाद सं० Civil Suit/336/2017

**Rajkumar Vs. Manish rastogi and others**

**30-01-2024**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी एंव प्रतिवादीगण के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। वास्ते निस्तारण वाद बिन्दु सं0 7 नियत है।

वाद बिन्दु सं0 7 पर सुना, पत्रावली का अवलोकन किया।

**निस्तारण वाद बिन्दु सं0 7–**

यह वाद बिन्दु इस आशय का विरचित है कि **''क्या प्रतिदावे का मूल्यांकन कम कर न्यायशुल्क अपर्याप्त अदा किया गया है?''**

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि दिनांक 08.01.2021 को न्यायालय द्वारा वाद बिन्दु सं0 2 जो कि मूल्यांकन के सन्दर्भ में है, को निस्तारित करते हुए वाद का 15,000 रू0 निर्धारित किया गया है। प्रतिवादी सं0 1 ने प्रतिदावे का मूल्यांकन 5000 रू0 करके उसपर बेदखली के बाबत न्यायशुल्क अदा किया है। वाद–पत्र एवं प्रतिदावे में वर्णित सम्पत्ति एक ही हैं। अतः प्रतिदावे का मूल्यांकन भी 15,000 रू0 किया जाता है।

**आदेश**

प्रतिवादी सं0 1 को आदेशित किया जाता है कि वह प्रतिदावे का मूल्यांकन मु0–15,000 रू0 करके उसपर नियमानुसार न्यायशुल्क अदा करे। पत्रावली वास्ते दाखिला मुंसरिम आख्या एवं निस्तारण वाद बिन्दु सं0 7 दि0 12.03.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।
J.O. Code- UP3730

अजय / स्टेनो

Digitally signed by AKSHITA SINGH
Date: 2024.01.30 17:04:42 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur.